
पंजाब केसरी 25/07/2025

# इंडस्ट्री कनैक्ट के साथ बी.कॉम, बी.बी.ए. और बी.सी.ए. प्रोग्राम तैयार करेंगे न्यू जनरेशन एक्सपर्ट : डा. रोहित दत्त



*जी.एम.एन. कॉलेज में विद्यार्थियों को नए पाठ्यक्रमों की जानकारी देतीं विशेषज्ञ।* (चंद्रमोहन)

अम्बाला, 24 जुलाई (बलराम): जी.एम.एन. कॉलेज में इंडस्ट्री कनैक्ट के साथ न्यू जनरेशन मैनेजमैंट एंड कम्प्यूटेशनल एक्सपर्ट्स को तैयार करने के लिए बी.कॉम, बी.बी.ए. और बी.सी.ए. प्रोग्राम शुरू किए गए हैं। ये प्रोग्राम्स ग्लोबल और इंडियन मल्टीनैशनल कंपनियों के साथ मिलकर बनाए गए हैं।

जी.एम.एन. कॉलेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने बताया कि इन प्रोग्राम्स में इंडस्ट्री-एलाइन्ड पाठ्यक्रम होंगे, जो इंडस्ट्री की जरूरतों के अनुसार डिजाइन किए गए हैं, ताकि छात्रों को उद्योग में आवश्यक कौशल और ज्ञान प्राप्त हो सके। इंटर्नशिप और प्लेसमैंट के तहत छात्रों को शीर्ष वैश्विक और भारतीय कंपनियों के साथ इंटर्नशिप करने और नौकरी पाने का अवसर मिलेगा। गारंटिड प्लेसमैंट के तहत यूनिवर्सिटी द्वारा कैम्पस प्लेसमैंट की गारंटी दी जा रही है, जिससे छात्रों को नौकरी पाने में मदद मिलेगी। इसके अलावा बी.सी.ए. एवं बी.टैक प्रोग्राम में ए.आई. और मशीन लर्निंग जैसे नए विषयों पर फोकस किया जा रहा है, जो वर्तमान समय की मांग है।

डा. भारती विज ने बी.बी.ए. छात्रों को बताया कि यह अभिविन्यास न केवल एक शैक्षणिक यात्रा की शुरुआत है, बल्कि भविष्य के व्यावसायिक नेताओं में परिवर्तन भी है। कम्प्यूटर एप्लीकेशन संकाय की डीन डा. प्रबलीन कौर ने बी.सी.ए. और बी.सी.ए. (ए.आई.) पर जानकारी दी। प्रवेश के लिए नोडल अधिकारी श्याम रहेजा और डा. गीता कौशिक ने कम्प्यूटर अनुप्रयोग क्षेत्र के विभिन्न पाठ्यक्रमों और भविष्य के अवसरों पर जानकारी दी।

डा. भारती सुजान ने बी.कॉम (एस.एफ.) बी.कॉम ऑनर्स, बी.कॉम (सी.ए.वी.) और बी.बी.ए. (एस.एफ.) के बारे में जानकारी दी। कमलप्रीत कौर ने छात्रों में टीम भावना विकसित करने के लिए उनके साथ कुछ व्यावसायिक खेल खेलें। कार्यक्रम में डा. अमिता, डा. रवनीत, डा. दिशा, जस्मिता और रीतिका आदि उपस्थित रहीं।